भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

DSIM/ BBSD/ 759 / 09.02.001/ 2019-20 October 11, 2019

The General Manager/ Head of Department
All Scheduled Commercial Banks (including Regional Rural Banks,
Payment Banks and Small Finance Banks)

Dear Sir/Madam,

Quarterly survey on "Aggregate Deposits and Bank Credit of Schedule Commercial Banks"- (BSR-7)

This is in continuation to our earlier letter No. DSIM/BBSD /3233/ 09.02.001/ 2018-19 dated June 26, 2019 for June 2019 round of BSR-7 survey. As you are aware, all scheduled commercial banks (including Regional Rural Banks, Payment Banks and Small Finance Banks) are regularly reporting aggregate deposits and bank credit for all their branches/ offices under the quarterly Basic Statistical Return-7 (BSR-7) for quarter ended 31st March, 30th June, 30th September and 31st December.

2. You may recall our interaction during February-March 2019 regarding familiarisation of **Electronic Data Submission Portal (EDSP)** of RBI (https://dbie.rbi.org.in/EDSP). For BSR data submission, a user-friendly and secure facility has been created for uploading data directly on this portal. In this regard, refer to our intimation email dated September 30, 2019 on 'Readiness for Submission of BSR-7 for Quarter ended September 2019 through EDSP'. The format of BSR-7 data file and Interbank Transactions file should be in txt format for uploading on this portal. You are requested to submit both the files on this portal from **September 2019 quarter onwards**. On receipt of data, we will be providing data validation report for your confirmation/ corrections / use as being done regularly.

3. Banks can submit the data on this portal through login by authorise/registered user only. We have created one super user for each bank. This 'Super User' can further create at the most one more 'Super User' and at the maximum 10 'User' for use of the bank's officials. The EDSP manual and Instructions are enclosed for ready reference.

4. Given the importance and its relevance for policy making decision, we solicit your continued support for the BSR surveys and request you to please ensure the timeliness for submission of BSR-7 data. The BSR-7 being regular in nature, the practice of writing about survey every quarter is being discontinued from this **round onwards. The data submission due date remain seven days from the reference period as hitherto. However, only for September 2019 quarter, it is extended to October 18, 2019.**

Yours faithfully,

Director

सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, सी-8/9, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, पो.बॉ.सं. 8128, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
टेलिफोन: (022)26572686 फैक्स: (022) 2657 0847/2319 E-mail:**bsr7@rbi.org.in**

Department of Statistics and Information Management, C-8/9, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051
Tel.: (022) 26572686 Fax: (022) 2657 0847/2319, E-mail:**bsr7@rbi.org.in**

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

सांसूप्रवि/ बीबीएसडी/ 759 / 09.02.001 / 2019-20 अक्टूबर 11, 2019

महाप्रबंधक / विभागाध्यक्ष
सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों
भुगतान बैंकों और लघु वित्त बैंकों सहित)

महोदय / महोदया,

"अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल जमाराशियों और बैंक ऋणों का त्रैमासिक सर्वेक्षण" - (बीएसआर -7)

यह पत्र जून 2019 दौर के बीएसआर -7 सर्वेक्षण के संबंध में हमारे 26 जून, 2019 के पत्र क्रमांक डीएसआईएम / बीबीएसडी / 3233 / 09.02.001 / 2018-19 के अनुक्रम में है। जैसा कि आप जानते हैं, सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, भुगतान बैंक और लघु वित्त बैंक सहित) नियमित रूप से त्रैमासिक मूलभूत सांख्यिकी रिटर्न -7 (बीएसआर -7) के तहत अपनी सभी शाखाओं / अपने सभी कार्यालयों के लिए सकल जमा और बैंक ऋण की रिपोरटिंग 31 मार्च, 30 जून, 30 सितंबर और 31 दिसंबर को समाप्त हुई तिमाहियों के लिए कर रहे हैं।

2. आपको स्मरण होगा कि फरवरी-मार्च 2019 के दौरान हमारी बातचीत आरबीआई के इलेक्ट्रॉनिक डाटा सबमिशन पोर्टल (ईडीएसपी) (https://dbie.rbi.org.in/EDSP) के उपयोग के संबंध में हुई थी । बीएसआर डेटा प्रस्तुत करने के लिए इस पोर्टल पर सीधे डेटा अपलोड करने हेतु यूजर के अनुकूल और सुरक्षित सुविधा बनाई गई है। इस संबंध में आप हमारा 30 सितंबर 2019 का इंटिमेशन ईमेल का संदर्भ लें जो 'ईडीएसपी के माध्यम से सितंबर 2019 को समाप्त तिमाही के लिए बीएसआर -7 के सबमिशन के लिए तैयारी' के संबंध में था। इस पोर्टल पर अपलोड करने के लिए बीएसआर -7 डेटा फ़ाइल और इंटरबैंक ट्रांज़ैक्शन फ़ाइल का प्रारूप टेक्स्ट(TXT) प्रारूप में होना चाहिए। आपसे अनुरोध है कि सितंबर 2019 की तिमाही के लिए और आगे की सभी तिमाहियों के लिए आप इस पोर्टल पर दोनों फाइलें प्रस्तुत करना प्रारंभ करें। डेटा प्राप्त होने पर, हम आपकी पुष्टि / सुधार / उपयोग के लिए डेटा सत्यापन रिपोर्ट पहले की ही तरह नियमित रूप से आपको उपलब्ध कराएंगे।

3. बैंक केवल अधिकृत / पंजीकृत उपयोगकर्ता द्वारा लॉगिन के माध्यम से इस पोर्टल पर डेटा प्रस्तुत कर सकते हैं। हमने प्रत्येक बैंक के लिए एक "सुपर यूजर" बनाया है। यह 'सुपर यूजर' बैंक के अधिकारियों के उपयोग के लिए अधिक से अधिक एक और'सुपर यूजर' और अधिकतम 10 'यूजर' निर्मित कर सकता है। आपके तात्कालिक संदर्भ के लिए ईडीएसपी मैनुअल और निदेश इसके साथ संलग्न हैं।

4. नीति निर्धारण के लिए इसके महत्व और इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए, हम बीएसआर सर्वेक्षणों के लिए आपके निरंतर समर्थन की अपेक्षा करते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया बीएसआर -7 डेटा प्रस्तुत करने के लिए समयबद्धता सुनिश्चित करें। बीएसआर -7 नेमी होने के कारण, प्रत्येक तिमाही सर्वेक्षण के बारे में लिखने का अभ्यास इस चक्र से आगे के लिए बंद किया जा रहा है। डेटा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख पहले की तरह ही संदर्भ अवधि से सात दिन है। हालांकि, केवल **सितंबर 2019** तिमाही के लिए इसे **18 अक्टूबर 2019** तक बढ़ा दिया गया है।

भवदीय,

निदेशक

सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, सी-8/9, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, पो.बॉ.सं. 8128, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
टेलिफोन: (022)26572686 फैक्स: (022) 2657 0847/2319 E-mail:**bsr7@rbi.org.in**

Department of Statistics and Information Management, C-8/9, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051
Tel.: (022) 26572686 Fax: (022) 2657 0847/2319, E-mail:**bsr7@rbi.org.in**

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए